# आजा मैया शेरांवाली | By Anup Saawariya |

आजा मैया शेरांवाली
करते हम पुकार
होके शेरांवाली मैया
आओ शेर पे सवार

सब भक्तों ने मिलकर मैया
तुमसे आस लगाई है
अपने मन मंदिर में माता
तेरी छवि समाई है
द्वार खड़े अंबे मैया
तु सबकी पालनहार
होके शेरांवाली मैया
आओ शेर पे सवार

ऊँचा दर है तेरा भवानी
ऊँची तेरी चढ़ाई है
भवन निराला तेरा मैया
माँ तू यहीं समाई है
दूर दूर से भक्त आते
करते जय-जयकार
होके शेरांवाली मैया
आओ शेर पे सवार

तेरा दर्शन पाकर मैया
धन्य मेरी जिंदगी है
मुझ निर्धन को दिया सहारा
तूने अंबे रानी है
हाथ जोड़के खड़ा हूँ अंबे
कर देना उपकार
होके शेरांवाली मैया
आओ शेर पे सवार

आजा मैया शेरांवाली
करते हम पुकार
होके शेरांवाली मैया
आओ शेर पे सवार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-anup-saawariya/